हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 04 अक्तूबर 2024, समय 1305 (5 मिनट)

हरियाणा में सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों में 1,031 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं, जिनमें 930 पुरुष और 101 महिलाएं हैं।हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने बताया कि इन उम्मीदवारों में 464 निर्दलीय उम्मीदवार हैं। उन्होंने बताया कि कल सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होने वाले 15वें हरियाणा विधानसभा आम चुनाव में राज्य के 2 करोड़,03 लाख,54 हजार,350 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। मतदान के लिए कुल 20,632 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। श्री अग्रवाल ने आगे बताया कि 2 करोड़,03 लाख,54 हजार,350 मतदाताओं में से एक करोड़, 07 लाख,75 हजार,957 पुरुष, 95 लाख 77 हजार 926 महिलाएं और 467 थर्ड जेंडर हैं। 18 से 19 वर्ष की आयु के 5 लाख,24 हजार,514 युवा मतदाता हैं, तथा एक लाख, 49 हजार,142 दिव्यांग मतदाता हैं, जिनमें से 93 हजार,545 पुरुष, 55 हजार 591 महिला तथा 6 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 85 वर्ष से अधिक आयु के 2 लाख,एक हजार, 093 मतदाता हैं, जिनमें 89 हजार,940 पुरुष तथा एक लाख,41 हजार 153 महिला मतदाता हैं। इसके अतिरिक्त 100 वर्ष से अधिक आयु के 8 हजार,821 मतदाता हैं, जिनमें 3 हजार,283 पुरुष तथा 5 हजार,538 महिला मतदाता हैं। सर्विस मतदाताओं की कुल संख्या एक लाख,09 हजार,217 है, जिनमें एक लाख,04 हजार, 426 पुरुष तथा 4 हजार, 791 महिला मतदाता हैं।

****

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने कहा है कि निर्वाचन आयोग का प्रयास है कि अधिक से अधिक मतदान हो।मतदाताओं को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान के दिन के लिए

प्रोत्साहित किया जा रहा है। राज्य में कल सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा।श्री पंकज अग्रवाल ने बताया कि नियुक्त किए गये आइकॉन भी मतदान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने में लगे हैं। प्रमुख स्थानों पर होर्डिंग और बैनर लगाये गये हैं। नगर पालिकाओं में से कचरा उठाने वाले वाहनों पर स्टीकर लगाये हैं और कचरा उठाने वाले वाहनों के माध्यम से जिंगल भी बजाए जा रहे हैं।अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी व राज्य स्वीप नोडल अधिकारी प्रशांत पंवार ने बताया कि पिछले चुनाव की तुलना में इस बार अधिक मतदान प्रतिशत हासिल करने का लक्ष्य है। उद्योग संघों से भी आग्रह किया गया है कि वे हरियाणा मेंमतदाता के रूप में पंजीकृत अपने श्रमिकों को कल मतदान में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें। हरियाणा श्रम विभाग द्वारा इस आशय की अधिसूचना पहले ही जारी कर दी गई है। इस के अतिरिक्त, ग्रामीण क्षेत्रों और बहुमंजिला सोसायटियों में मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं।

****

विधानसभा चुनावों के मद्देनज़र फरीदाबाद पुलिस ने कल पुलिस आयुक्त ओमप्रकाश नरवाल के नेतृत्व में अर्धसैनिक बलों के साथ फ्लैग मार्च निकालकर जनता को चुनाव के दौरान शांति और सुरक्षा बनाये रखने और निर्भीक होकर मतदान करने का सन्देश दिया। यह फ्लैग मार्च पुलिस आयुक्त कार्यालय से शुरू होकर शहर के कई प्रमुख स्थानों से होते हुए कोतवाली थाने पर समाप्त हुआ। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस आयुक्त ने नागरिकों को आश्वासन दिया कि फरीदाबाद पुलिस निष्पक्ष एवं स्वतंत्र चुनाव करवाने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने बताया कि जिले में चुनाव के लिए अर्धसैनिक बल की 11 कंपनियां,4500 पुलिस कर्मी और irb की एक कंपनी तैनात की गयी है।

****

हरियाणा विधानसभा आम चुनाव के लिए कल पलवल के डॉ. भीमराव अंबेडकर कॉलेज में पोलिंग पार्टियों को ईवीएम मशीन एवं चुनाव से संबंधित सामग्री वितरित की गई। हथीन के रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम संदीप अग्रवाल ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए कल मतदान केंद्रों पर जाकर मतदान अवश्य करें। श्री संदीप अग्रवाल ने बताया कि हथीन विधानसभा क्षेत्र में 251 बूथ बनाए गए है। पोलिंग पार्टियों को चुनाव सामग्री देकर बूथों के लिए रवाना किया गया है।

****

हरियाणा में धान सहित खरीफ फसलों की सरकारी खरीद निर्विघ्न जारी है।खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि ख़रीद प्रक्रिया सुचारू रूप से चलाने के लिए व्यापक प्रबंध किए गये हैं। खरीफ फसलों की खरीद 15 नवंबर तक जारी रहेगी।प्रवक्ता ने बताया कि 3 अक्तूबर तक राज्य की विभिन्न मंडियों में कुल 3 लाख 75 हज़ार 876 मीट्रिक टन धान की आवक हुई है। विभाग के प्रयासों से सरकारी एजेंसियों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर अब तक 17% तक की नमी वाली 95 हज़ार 855 टन से अधिक धान की खरीद की गई है।उन्होंने बताया कि 10 हज़ार 934 मीट्रिक टन धान का उठान भी किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि अब तक सबसे अधिक कुरुक्षेत्र जिले में 36 हज़ार 438 टन से अधिक धान की ख़रीद हुई है। प्रवक्ता ने बताया कि किसानों को उनकी खरीदी गई फ़सल का समय पर भुगतान भी सुनिश्चित किया जा रहा है और अब तक क़रीब 9 हज़ार 874 किसानो के बैंक खाते में 4 करोड़ 82 लाख रुपये सीधे डाले गए हैं।